>

Title: Need to improve the power situation in Sheohar Parliamentary Constituency in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। केन्द्र सरकार द्वारा जो राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना चलाई जाती है, उसमें बिहार की बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं। बहुत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि जिस उद्देश्य से देश में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का आरम्भ किया गया था, उसमें हम काफी दूर हैं। विशेषकर बिहार में इसकी स्थिति और भी दयनीय है। आज़ादी के 66 वर्ष बाद भी आज बिहार राज्य के आधे गांवों में अभी भी बिजली नहीं है। बिहार के कई गांवों में बिजली की बात तो दूर, वहां बिजली के खम्भे तक नहीं हैं और लगभग 22000 गांवों के लोग अभी भी अंधेरे में रात काटने पर विवश हैं। वर्ष 2005 के बाद बिहार राज्य में बिजली की मांग दुगुनी हो गई है। वर्तमान समय में बिजली की मांग 2500 मेगावॉट से लेकर 3000 मेगावॉट है परंतु आपूर्ति 2000 मेगावॉट से कम ही हो रही है। बिजली आपूर्ति में कमी की मार बिहार में ग्रामीण क्षेत्र के लोग झेल रहे हैं। दादरनगर हवेली में एक व्यक्ति 11864 यूनिट का औसत इस्तेमाल कर रहा है जबकि बिहार में सिर्फ 122 यूनिट का उपयोग एक व्यक्ति करता है। बिहार में बिजली उपकरणों की दशा भी अत्यंत चिंताजनक है। जो ट्रंसफॉर्मर जल जाते हैं, उनको ठीक करने में महीनों लग जाते हैं।

लोक सभा में मेरे प्रश्न के उत्तर में बताया गया है कि पूरे भारतवर्ष में सबसे ज्यादा बिहार में 6032 ट्रंसफॉर्मर जले हुए हैं जिसमें से लगभग 300 ट्रंसफॉर्मर मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर में जले हुए हैं जिसे जनहित में बदलकर उच्च क्षमता का ट्रंसफॉर्मर लगाने की आवश्यकता है परंतु केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार की नीतियों के बीच बिजली कंपनियां इन ट्रंसफॉर्मरों को नहीं बदल पा रही हैं। इसलिए सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि बिहार राज्य को मांग के अनुसार पर्याप्त बिजली की आपूर्ति की जाए तथा बिहार संसदीय क्षेत्र के साथ साथ बिहार राज्य के जले ट्रंसफॉर्मरों को यथाशीघ्र बदलने और उन्हें ठीक करने की कृपा की जाए।

MADAM SPEAKER: Thank you.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : श्रीमती रमा देवी जी द्वारा उठाये गये विषय के साथ

डॉ संजय जायसवाल को भी एसोशिएट किया जाता है।

â€¦(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: The rest of the 'Zero Hour' matters will be taken up at the end of the day.

...(*Interruptions*)